RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : गुरुवार 31 अगस्त 2023 | वर्ष 05 | अंक 127 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 8 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक
# रोकठोक लेखनी
खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

# कौन होगा विपक्षी इंडिया का पीएम चेहरा ?

## मुंबई की बैठक से पहले ममता बनर्जी ने दिया ये जवाब

**मुंबई : विपक्षी गठबंधन इंडिया की मुंबई में होने वाली बैठक में हिस्सा लेने के लिए विपक्ष के नेताओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया है. पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और टीएमसी प्रमुख ममता बनर्जी भी बुधवार (30 अगस्त) को मुंबई पहुंच गईं. इस दौरान उन्होंने विपक्ष के पीएम उम्मीदवार को लेकर बड़ा बयान दिया.**



मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इंडिया गठबंधन के पीएम फेस के सवाल पर कहा कि प्रधानमंत्री का चेहरा इंडिया होगा. हमारी लड़ाई देश को बचाने की है. पहले सिलेंडर का दाम इतना ज्यादा बढ़ाया अब सिर्फ 200 रुपये कम किए. अब चुनाव हैं इसलिए दाम कम किये हैं. इंडिया का चेहरा बनने के सवाल पर उन्होंने कहा, 'नहीं, पीएम का चेहरा इंडिया ही है.'

**अमिताभ बच्चन को राखी बांधी**

उन्होंने चंद्रयान-3 की सफलता पर इसरो को बधाई भी दी. टीएमसी चीफ ने कहा कि चांद पर सफल लैंडिंग के लिए इसरो के सभी साइंटिस्ट्स को मेरी तरफ से बहुत बधाई. ममता बनर्जी बॉलीवुड अभिनेता अमिताभ बच्चन को राखी बांधने के लिए उनके जुहू स्थित आवास पर भी गईं. ममता बनर्जी ने कहा कि मैं आज खुश हूं. मैं देश के 'भारत रत्न' अमिताभ बच्चन से मिलीं और उन्हें राखी भी बांधी. मुझे ये परिवार बहुत पसंद है. वे भारत में नंबर एक परिवार हैं और उनका बहुत योगदान भी है. अमिताभ बच्चन को भारत रत्न देना चाहिए. मेरे हाथ में अगर होता तो मैं भारत रत्न दे देती.

### इंडिया की बैठक में 28 दल होंगे शामिल

**इससे पहले बुधवार को दिन में एमवीए नेताओं ने पीसी कर इंडिया की बैठक को लेकर जानकारी दी. महाराष्ट्र कांग्रेस प्रमुख नाना पटोले ने कहा कि हमें बहुत खुशी है कि महाराष्ट्र में इंडिया गठबंधन की बैठक होने जा रही है. बेंगलुरु में गठबंधन में 26 पार्टियां थीं, यहां 28 पार्टियां हो गई हैं. दो दिवसीय बैठक 31 अगस्त और 1 सितंबर को आयोजित की जाएगी.**

### इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल के लिए किया आमंत्रित

**सीएम ने आगे कहा कि मैंने बच्चन परिवार को दुर्गा पूजा और इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया. इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल के लिए शाहरुख खान, सलमान खान, अनिल कपूर को भी आमंत्रित किया है.**

# पत्नी से अफेयर के शक में पति ने उठाया खौफनाक कदम...

## मुंह-बोले भाई को मारकर कर डाले पांच टुकड़े




**मुंबई :** मुंबई के चेंबूर इलाके से खौफनाक मामला सामने आया है, यहां एक शख्स ने अपने पत्नी से अफेयर के शक में एक नाबालिक लड़के की हत्या कर दी और इतना ही नहीं उसने शव को पांच टुकड़ों में काट दिया। आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया की आरोपी का नाम शफीक अहमद अब्दुल मलिक शेख है जो ऑटो रिक्शा चालक है। पुलिस ने बताया कि आरोपी की पत्नी मृतक ईश्वर भगवान आव्हाड को अपना मुंह बोला भाई मानती थी। लेकिन आरोपी शेख को शक था कि ईश्वर का उसके पत्नी के साथ काफी नजदीकियां बढ़ गई हैं। एक अधिकारी ने कहा कि आरोपी की गिरफ्तारी के बाद ईश्वर का शव उपनगरीय चेंबूर के आरसीएफ इलाके में म्हाडा इलाके में शेख के दो कमरे के फ्लैट की रसोई से बरामद किया गया था। आरसीएफ पुलिस स्टेशन के अधिकारी के अनुसार, मृतक ईश्वर आव्हाड, शेख की पत्नी के परिवार को लंबे समय से जानता था। उन्होंने कहा कि शेख की पत्नी और उसकी बहन अव्हाड को अपने भाई की तरह मानती थीं, हालांकि उनका आपस में कोई संबंध नहीं था। अधिकारी ने कहा कि शेख अक्सर अव्हाड द्वारा अपनी पत्नी और भाभी के बारे में टिप्पणी करने पर आपत्ति जताता था और जाहिर तौर पर वह क्रोधित था क्योंकि अव्हाड ने ऐसा करना बंद नहीं किया था।

# क्राइम ब्रांच ने सेंधमारी के पांच आरोपियों को उत्तर प्रदेश व सातारा से गिरफ्तार किया




**मुस्तकीम खान संवाददाता भिवंडी**

**भिवंडी:** भिवंडी तालुका के पूर्णा गांव स्थित छाया कंपाउंड में ओमकार वेयर हाउस में हुई सेंधमारी मामले में भिवंडी क्राइम ब्रांच पुलिस ने पांच आरोपियों को उत्तर प्रदेश एवं सातारा जिले से गिरफ्तार कर लिया है। जिनके पास से पुलिस ने 42 लाख 49 हजार रुपए कीमत का चोरी हुआ माल बरामद किया है। यह जानकारी भिवंडी क्राइम ब्रांच यूनिट दो के सहायक पुलिस निरीक्षक धनराज केदार ने दी है। पुलिस के अनुसार 5 जुलाई से 9 अगस्त के दरमियान पूर्णा गांव स्थित छाया कंपाउंड में ओमकार वेयर हाउस शेड नंबर 840 के गाला नंबर 2 से 4 में कुछ अज्ञात चोरों ने डुप्लीकेट चाबी की मदद से चोरी की घटना को अंजाम दिया था। इस घटना में अज्ञात चोरों ने ओमकार वेयर हाउस में रखा 14 लाख 49 हजार 500 रुपए कीमत का कॉस्टिक सोडा फ्लेक्स एवं मोनोसोडियम ग्लूटामेट प्रकार का माल चोरी कर फरार हो गए। जिसका मामला नारपोली पुलिस स्टेशन में गुनाह रजिस्टर नंबर 654/2023 में भादवी कलम 380,454,457 के तहत दर्ज कर पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही थी। इस बीच भिवंडी क्राइम ब्रांच पुलिस को उक्त घटना को अंजाम देने वाले आरोपियों की गुप्त सूचना प्राप्त हुई। भिवंडी क्राइम ब्रांच यूनिट दो के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक सचिन गायकवाड के मार्गदर्शन में सहायक पुलिस निरीक्षक विजय मोर, एपीआई प्रफुल जाधव, एपीआई धनराज केदार और पुलिस उप निरीक्षक हनुमंत वाघमरे, रामसिंह चव्हाण व पुलिस की टीम ने उत्तर प्रदेश और पाठन, सातारा से आरोपी दुर्गेश सबरजीत भारती 24 वर्ष, राहुल गिरिजा सरोज 27 वर्ष, उमेश दत्तात्रय पाटील 24 वर्ष, अमरदीप विलास बिराजदार 24 वर्ष और श्रीकांत गणपत देसाई 30 वर्ष को 22 अगस्त को गिरफ्तार कर उन्हें भिवंडी लाया गया। जिन्हें न्यायालय ने 28 अगस्त तक पुलिस हिरासत में रखने का आदेश दिया था।

# ठाणे के अंबिवली में आरोपी को पकड़ने गई मुंबई पुलिस पर पत्थरों से हमला...

**मुंबई:** ठाणे के अंबिवली में आरोपी को पकड़ने गई पुलिस पर पत्थरों से हमला किया गया, लेकिन डीएन नगर की जांबाज पुलिस टीम ने बिना डरे पत्थरबाजों का मुकाबला किया और आरोपी को लेकर मुंबई आ गई. गिरफ्तार आरोपी फिरोज फयाज खान के खिलाफ 40 से ज्यादा ठगी और झपटमारी के मामले दर्ज हैं. मुंबई पुलिस के इस ऑपरेशन और पत्थरबाजी की पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है. इसमें डीएन नगर पुलिस के एपीआई राकेश पवार को पत्थर से चोट लगते और फिर बिना डरे खुद भी पत्थर उठाकर मुकाबला करते देखा जा सकता है.

डीएन नगर पुलिस की कुल 12 पुलिस कर्मियों की टीम ने बड़े ही योजनाबद्ध तरीके से ऑपरेशन को अंजाम दिया. वे पहचाने ना जा सकें इसलिए एक स्कूल वैन भी साथ ले



गए थे. कार्रवाई के दौरान आरोपी के साथियों ने जैसे देखा कि आरोपी को पकड़कर स्कूल वैन में बैठाया जा रहा है. इस पर उन्होंने स्कूल वैन पर हमला कर दिया, जिससे वैन छतिग्रस्त हो गई.

**पुलिस के नाम पर ठगी और झपटमारी**

दरअसल ठाणे के अंबिवाली गांव में ईरानी नाम की बस्ती है, जिसमें ज्यादातर पुलिस के नाम पर ठगी, झपटमारी और चोरी करने वाले लोग रहते हैं. जैसे ही कोई पुलिस टीम वहां पहुंचती है, बस्ती वाले उस पर हमला कर देते हैं. वहां मुंबई पुलिस पर अब तक कई बार हमले हो चुके हैं. इसलिए पुलिस वहां एंबुलेंस, स्कूल वैन या दूसरे ऐसे वाहनों से जाती है और मौका मिलते ही आरोपी को पकड़कर निकल आती है. इसके पहले एमएचबी पुलिस की 26 पुलिस कर्मियों की टीम ने एंबुलेंस में जाकर ऑपरेशन को अंजाम दिया था.

**आरोपी ने एक लाख रुपये हड़पे थे**

डीएन नगर पुलिस के मुताबिक 10 अगस्त को अंधेरी में खुद को पुलिस बताकर आरोपी ने एक व्यक्ति से एक लाख रुपये हड़प लिए थे.




## संपादकीय / लेख



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

### बेतुके विरोध का एक और उदाहरण

संसद के पिछले सत्र में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की ओर से आइपीसी, सीआरपीसी और एविडेंस एक्ट की जगह लेने वाले तीन नए विधेयकों का मसौदा संसद में पेश किया गया। इन विधेयकों-भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम पर और व्यापक विचार के लिए उन्हें संसदीय समिति के पास भेज दिया गया है। ये कानून अंग्रेजों ने बनाए थे। समय के साथ उनमें थोड़े-बहुत संशोधन हुए, लेकिन मूलत: वे काफी कुछ वैसे ही रहे, जैसे अंग्रेजों ने बनाए थे। इसीलिए यह कहा गया कि ये कानून उपनिवेशवाद की विरासत हैं। नि:संदेह विपक्षी नेताओं और विधि विशेषज्ञों की यह मांग सही है कि भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम पर और विचार-विमर्श की आवश्यकता है, लेकिन वे केवल यही मांग नहीं कर रहे हैं। कुछ विपक्षी नेता यह मांग भी कर रहे हैं कि इन विधेयकों के जो हिंदी नाम दिए गए हैं, वे हटाए जाएं। यह मांग इसके बाद भी की जा रही है कि ये विधेयक अंग्रेजी में ही बनेंगे। उनका नाम अवश्य हिंदी में होगा, लेकिन उनकी विषयवस्तु अंग्रेजी में ही होगी। द्रमुक ने इन विधेयकों के हिंदी नाम को लेकर कहा कि केंद्र सरकार की ओर से हम पर हिंदी थोपने की कोशिश की जा रही है। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने कहा कि इन विधेयकों को हिंदी नाम देना भाषाई साम्राज्यवाद है। उन्होंने यह बेतुकी बात भी कह डाली कि अब प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा को तमिल शब्द बोलने का अधिकार नहीं। ज्ञात हो कि प्रधानमंत्री अपने भाषणों में प्राय: तमिल कवियों को उद्धृत करते रहते हैं। स्टालिन के साथ उनकी पार्टी के वरिष्ठ नेता और प्रवक्ता टीकेएस एलंगोवन ने भी यह बेतुका बयान दिया कि प्रस्तावित विधेयकों में भारत के बजाय भारतीय शब्द का उपयोग इसलिए किया जा रहा है, क्योंकि वे यानी भाजपा नेता इंडिया शब्द से डरते हैं। द्रमुक के अन्य नेता भी स्टालिन की हां में हां मिला रहे हैं। यह बात और है कि अभी तीन-चार दिन पहले दिल्ली से प्रकाशित कुछ हिंदी दैनिकों के प्रथम पृष्ठ पर स्टालिन सरकार का एक विज्ञापन प्रकाशित हुआ। यह हिंदी में था। इसमें हिंदी में लिखा था.. 'भारत में पहली बार मुख्यमंत्री प्रात:कालीन भोजन योजना। आज शुभारंभ करेंगे श्री एमके स्टालिन...।'

आपको शायद यह भी स्मरण होगा कि तमिलनाडु के जिन क्षेत्रों में हिंदी भाषी लोग रहते हैं, वहां विधानसभा चुनावों के समय द्रमुक और अन्य दलों की ओर से मतदाताओं को लुभाने के लिए हिंदी में पोस्टर लगाए जाते हैं। आपराधिक न्याय प्रणाली से जुड़े प्रस्तावित तीन विधेयकों को लेकर संसदीय समिति की जो पहली बैठक हुई, उसमें भी द्रमुक सांसद दयानिधि मारन ने इन विधेयकों के हिंदी नाम पर असहमति दर्ज कराई। प्रस्तावित विधेयकों को हिंदी नाम दिए जाने से केवल द्रमुक को ही आपत्ति नहीं है। मद्रास बार एसोसिएशन ने 23 अगस्त को एक प्रस्ताव पारित कर उक्त विधेयकों के हिंदी नामकरण का विरोध किया। मद्रास बार एसोसिएशन की आम सभा में पारित प्रस्ताव में यह भी कहा गया कि इन विधेयकों का हिंदी नामकरण संविधान के प्रविधानों के विरुद्ध है। ध्यान रहे इसी दिन चंद्रयान-3 का लैंडर चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर उतरा था। विश्व का शायद ही कोई मीडिया संस्थान हो, जिसने चंद्रयान शब्द का उपयोग न किया हो। यह गनीमत रही कि द्रमुक ने इसरो के इस तीसरे मून मिशन का नाम चंद्रयान-3 रखने पर आपत्ति नहीं जताई।

+91 99877 75650
editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalshaikh_91

# महाराष्ट्र में मॉनसून ब्रेक... अगस्त में बारिश की कमी 60% की कमी

## 21 दिनों से सूखे हैं 376 मंडल, कब होगी बारिश?

**मुंबई:** महाराष्ट्र में अगस्त महीने में जमकर बारिश हुई है। जुलाई में भारी बारिश के कारण जून में हुई बारिश की कमी पूरी हो गई। हालांकि पिछले 5 साल के आंकड़ों पर गौर करें तो इस साल कम बारिश हुई है। अगस्त महीने में बारिश पर ब्रेक लग गया है। 1 से 25 अगस्त तक के आंकड़ों के मुताबिक इस महीने बारिश की कमी 60 फीसदी तक पहुंच गई है। 1 जून से 25 अगस्त के बीच बारिश की कमी 14 फीसदी तक पहुंच गई है। 2022 को ध्यान में रखते हुए पिछले साल महाराष्ट्र में अगस्त में 29 गांवों में टैंकर उतारे गए थे। इस साल यह संख्या 1766 टैंकर तक पहुंच गई है। अधिकांश टैंकर पश्चिमी महाराष्ट्र में चल रहे हैं। पश्चिम महाराष्ट्र में 176 और



उत्तरी महाराष्ट्र में 135 टैंकर काम कर रहे हैं। केंद्र सरकार ने देशभर में बारिश की कमी की समीक्षा की है। केंद्र सरकार ने फसल बीमा कंपनियों से भी फसलों की स्थिति की जानकारी मांगी है।

**376 मंडलों में पिछले 21 दिनों से बारिश नहीं**

इस मॉनसून सीजन के बीच में बारिश पर ब्रेक लगने से गंभीर स्थिति पैदा हो गई है। प्रदेश के 376 मंडलों में पिछले 21 दिनों से बारिश नहीं हुई है। छत्रपति संभाजीनगर, जालना, लातूर, धाराशिव, परभणी, सतारा, सांगली, पुणे, सोलापुर, अहमदनगर, जलगांव, धुले, नासिक और बुलढाणा जिलों के कुछ तालुकों में बारिश न होने से कृषि पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है।

**जुलाई में 39 फीसदी अधिक बारिश**

जुलाई में राज्य में 39 फीसदी अधिक बारिश दर्ज की गई। अगस्त में पिछले 21 दिनों से हो रही बारिश से मिट्टी में नमी कम हो गई है। इससे कृषि आय प्रभावित होने की संभावना है। पिछले पांच साल की तुलना में इस साल दलहनी फसलों की बुआई 25 फीसदी कम हुई है। अत: ज्वार का रकबा 62 प्रतिशत और बाजरा की फसल का क्षेत्रफल 46 प्रतिशत कम हो गया है।

### गरज के साथ बारिश होने की संभावना

अधिकारियों ने आशंका जताई कि बारिश के कारण पेयजल की समस्या हो सकती है। मौसम विभाग ने महाराष्ट्र के किसानों से फसलों को बचाने के लिए हल्की सिंचाई करने की अपील की है। कोंकण गोवा के अधिकांश स्थानों, मध्य महाराष्ट्र, मराठवाड़ा और विदर्भ में अलग-अलग स्थानों पर गरज के साथ बारिश होने की संभावना है।

## लालू यादव तेजस्वी संग मुंबई पहुंचे, विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' की बैठक में करेंगे शरिकत



**मुंबई:** राष्ट्रीय जनता दल के अध्यक्ष लालू प्रसाद और बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव इस सप्ताह मुंबई में विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडिया' की तीसरी बैठक के लिए मंगलवार को मुंबई पहुंचे। 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इनक्लूसिव अलायंस (इंडिया)' की बैठक 31 अगस्त और एक सितंबर को मुंबई के एक लक्जरी होटल में होगी। गठबंधन के 'लोगो' की लॉन्चिंग गुरुवार को होने की उम्मीद है। कांग्रेस नेताओं संजय निरूपम और नसीम खान ने मुंबई हवाई अड्डे पर लालू और तेजस्वी का स्वागत किया।

इससे पहले, शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के नेता आदित्य ठाकरे और कांग्रेस के जीशान सिद्दीकी ने आगामी बैठक की तैयारियों की समीक्षा करने के लिए सांताक्रूज स्थित ग्रैंड हयात होटल का दौरा किया। समन्वय समिति का गठन, संयोजकों की नियुक्ति और अगले लोकसभा चुनाव के लिए सीट बंटवारे पर बातचीत, 'इंडिया' गठबंधन की बैठक के एजेंडे में हैं। महाराष्ट्र में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी, शिवसेना और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के अजित पवार गुट वाला गठबंधन लोकसभा चुनावों पर चर्चा के लिए 31 अगस्त और एक सितंबर को दक्षिण मुंबई के वर्ली में बैठक करेगा।

## रोहिणी खडसे एनसीपी की महिला प्रदेश अध्यक्ष

### एकनाथ खडसे की बेटी हैं रोहिणी खडसे




**मुंबई** : राकांपा (शरद पवार) गुट ने पूर्व मंत्री और विधायक एकनाथ खडसे की बेटी रोहिणी खडसे को महिला प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है। मंगलवार को राकांपा अध्यक्ष शरद पवार की उपस्थिति में हुई बैठक में यह नियुक्ति की गई। बीड जिले की बबन गित्ते को प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया गया। बीड जिले की ही सुशीला बोराडे को महाराष्ट्र का महासचिव नियुक्त किया गया। रोहिणी खडसे जलगांव जिला मध्यवर्ती सहकारी बैंक की पूर्व अध्यक्ष और वर्तमान संचालक हैं। उन्होंने वकालत की शिक्षा ली है। वर्ष 2019 में भाजपा ने एकनाथ खडसे का टिकट काटकर उनकी जगह रोहिणी खडसे को टिकट दिया था, लेकिन वे मामूली अंतर से चुनाव हार गई। इसके बाद एकनाथ खडसे के साथ रोहिणी खडसे भी राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी में शामिल हो गईं। रोहिणी खडसे ने कहा कि मुझे महिला प्रदेश अध्यक्ष के तौर पर जिम्मेदारी दी गई है। मैं एनसीपी अध्यक्ष शरद पवार, सांसद सुप्रिया सुले, प्रदेश अध्यक्ष जयंत पाटिल, सांसद फौजिया खान की आभारी हूं। मैं महाराष्ट्र में महिला संगठन को बढ़ाने का प्रयास करती रहूंगी। यह पूछे जाने पर कि आपके प्रदेश अध्यक्ष बनने से विद्या चव्हाण नाखुश हैं? इस सवाल पर उन्होंने कहा कि विद्या चव्हाण नाराज नहीं है।

# इंडिया गठबंधन ने जारी किया मुंबई बैठक का शेड्यूल



**मुंबई :** इंडिया गठबंधन ने मुंबई में होने जा रही विपक्षी पार्टियों की बैठक का पूरा शेड्यूल जारी किया है. ये बैठक 31 अगस्त और 01 सितम्बर (गुरुवार और शुक्रवार) को मुंबई के ग्रैंड हयात होटल में होनी है. बुधवार (30 अगस्त) शाम चार बजे महा विकास अघाड़ी की प्रेस कॉन्फ्रेंस होगी, जिसमें बैठक के बारे में जानकारी दी जाएगी. तय कार्यक्रम के मुताबिक, 31 अगस्त (गुरुवार) को इंडिया गठबंधन में शामिल राजनीतिक पार्टियों के नेता मुंबई पहुंचेंगे. शाम 6 से साढ़े छह बजे से अतिथियों का स्वागत किया जाएगा. इसके बाद साढ़े छह बजे सभी नेता अनौपचारिक बैठक करेंगे. 31 अगस्त को रात आठ बजे डिनर का आयोजन रखा गया है, जिसकी मेजबानी शिवसेना यूबीटी के अध्यक्ष उद्धव ठाकरे करेंगे.

**जारी होगा गठबंधन का लोगो**

इंडिया गठबंधन की बैठक का मुख्य कार्यक्रम शुक्रवार यानी 1 सितम्बर को होना है. इसके पहले सुबह 1.15 बजे गठबंधन नेता ग्रुप फोटो सेशन करेंगे. इसके बाद बैठक शुरू होगी जो दो बजे तक चलेगी. बैठक के शुरू होने के पहले गठबंधन का लोगो जारी किया जाएगा. दो बजे गठबंधन में शामिल दलों के नेता महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी की तरफ से आयोजित लंच में हिस्सा लेंगे. दोपहर बाद 3.30 बजे इंडिया गठबंधन की प्रेस कॉन्फ्रेंस होगी.

इंडिया गठबंधन की मुंबई बैठक में 5 राज्यों के मुख्यमंत्री और 26 पार्टियों के लगभग 80 नेताओं के पहुंचने की उम्मीद है. इस बैठक में कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी के भी पहुंचने की संभावना है. चर्चा है कि बैठक में गठबंधन के लिए संयोजक के नाम का ऐलान हो सकता है.

### ये है शेड्यूल

30 अगस्त, शाम 4 बजे– महा विकास अघाड़ी की प्रेस कॉन्फ्रेंस
31 अगस्त, शाम 6 बजे– प्रतिनिधियों का स्वागत
31 अगस्त, शाम 6.30 बजे– अनौपचारिक बैठक
31 अगस्त, रात 8 बजे– उद्धव ठाकरे की मेजबानी में डिनर
1 सितम्बर, सुबह 10.15 बजे– ग्रुप फोटो सेशन
1 सितम्बर, सुबह 10.30–दोपहर 2 बजे तक– लोगो का अनावरण और इंडिया गठबंधन की बैठक
1 सितम्बर, दोपहर 2 बजे– एमपीसीसी और एमआरसीसी की तरफ से लंच
1 सितम्बर, दोपहर 3.30 बजे– इंडिया गठबंधन की प्रेस कॉन्फ्रेंस
बैठक में पहुंचेंगे 5 सीएम, 80 नेता

# दुकान में आग लगने से एक ही परिवार के चार लोगों की मौत, मरने वालों में दो बच्चे भी शामिल



**मुंबई :** मुंबई में नेरल-वांगानी सेक्शन पर बुधवार सुबह एक मालगाड़ी के डिब्बे अलग हो गए। इसके चलते मुंबई लोकल ट्रेन की रफ्तार कुछ देर के लिए थम गई। दरअसल बुधवार सुबह करीब 7.54 बजे मालगाड़ी के डिब्बे अलग होने की वजह से करजत से सीएसएमटी/कल्याण के बीच चलने वाली लोकल ट्रेन का संचालन बाधित हो गया। हालांकि सुबह 8.18 बजे मालगाड़ी के डिब्बे फिर से जोड़ दिए गए और मालगाड़ी के रवाना होने के बाद फिर से सेक्शन पर ट्रेनों की आवाजाही बहाल हो गई। पुणे में एक इलेक्ट्रिक हार्डवेयर की दुकान में आग लगने से एक ही परिवार के चार लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में दो नाबालिग भी हैं। घटना बुधवार सुबह की है। जब सुबह करीब 5.25 बजे पिंपरी चिंचवाड़ इलाके के पूर्णा नगर में स्थित पूजा हाइट्स इमारत में एक दुकान में आग लग गई। दुकान में सो रहे एक ही परिवार के चार लोगों की आग की चपेट में आकर मौत हो गई। मृतकों की पहचान चिमनाराम चौधरी (48), नम्रता चौधरी (40), भावेश चौधरी (15), सचिन चौधरी (13) के रूप में हुई है। आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट को माना जा रहा है। घटना की जांच की जा रही है।

# जीटीबी नगर स्टेशन पर खस्ताहाल बुनियादी स्ट्रक्चर यात्रियों के लिए चिंता का कारण



**मुंबई :** जीटीबी नगर स्टेशन पर खस्ताहाल बुनियादी स्ट्रक्चर को सुधारने के लिए अधिकारियों को सक्रिय कदम उठाने की तत्काल आवश्यकता है। इसके अलावा ऐतिहासिक महत्व और बड़ी संख्या में यात्रियों की सेवा में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका के साथ, यह जरूरी है कि इस स्टेशन की कार्यक्षमता, सुरक्षा और सफाई की स्थिति दुरुस्त करने के लिए बड़ा कदम उठाया जाए। सेंट्रल रेलवे की हार्बर लाइन पर एक ऐतिहासिक स्थल जीटीबी नगर स्टेशन, अपने बिगड़ते बुनियादी ढांचे के कारण दैनिक यात्रियों की शिकायतों का सामना कर रहा है। रोजाना लगभग ५०,००० लोगों की उपस्थिति और प्रतिदिन लगभग ४३० अप और डाउन ट्रेनों की सेवा के साथ, स्टेशन की स्थिति यात्रियों के लिए चिंता का कारण बन गई है। सबसे प्रमुख मुद्दा प्लेटफार्म की खस्ताहाल टाइलों के इर्द-गिर्द घूमता है। एक ऐसी समस्या जिसने कई यात्रियों को परेशान कर रखा है। स्टेशन से नियमित रूप से यात्रा करने वाले एक यात्री ने कहा,'कई टाइलें, विशेष रूप से प्लेटफार्म के किनारों पर टूटी हुई हैं, जिससे ट्रेनों में चढ़ने और उतरने में काफी असुविधा होती है।'

एक अन्य यात्री ने गंदे पानी की टंकी की ओर इशारा करने के साथ अपनी निराशा व्यक्त करते हुए कहा,'प्लेटफॉर्म पर पानी की टंकी को एक साल से अधिक समय से साफ नहीं किया गया है।' यह सीधे तौर पर स्टेशन अधिकारियों की ओर से लापरवाही की ओर भी इशारा करता है। मेन और अन्य लाइनों पर रेगुलर यात्रा करने वाले सौरभ ने स्टेशन की खराब स्थिति पर निराशा व्यक्त की, उन्होंने कहा,'चिंता की बात तो यह है कि १० प्रतिशत से अधिक टाइलें टूट गई हैं। शेड के ऊपर के कवर की स्थिति दयनीय है, और यहां तक कि कुर्ला की तरफ बुकिंग हॉल की छत भी जर्जर है।' स्वच्छता का मुद्दा शौचालयों तक भी पैठला हुआ है। कुर्ला की ओर यात्री शौचालयों के काम न करने की समस्या से जूझ रहे हैं, जिससे उन्हें पनवेल की ओर सुविधाओं तक लगभग २५० मीटर चलने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है।

# सड़क हादसे में मारे गए व्यक्ति के परिजनों को 1.36 करोड़ से अधिक का मुआवजा...

**मुंबई :** मुंबई स्थित मोटर वाहन दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण (एमएसीटी) ने 2018 में ठाणे जिले में हुई एक सड़क दुर्घटना में मारे गए मोटरसाइकिल सवार के स्वजन को 1.36 करोड़ रुपये से अधिक का मुआवजा देने का आदेश दिया है।

**दिसंबर 2018 में हुआ हादसा**

एमएसीटी ने 21 अगस्त को पारित आदेश में दुर्घटना को अंजाम देने वाले वाहन की बीमा कंपनी के इस तर्क को खारिज कर दिया कि दुर्घटना उस व्यक्ति की लापरवाही के कारण हुई थी जो मोटरसाइकिल पर सवार था। यह हादसा दिसंबर 2018 में ठाणे में मुंबई-आगरा राजमार्ग के शाहपुर में हुआ था। एक आइटी कंपनी में काम करने वाले अरविंद बालसुब्रमण्यम




मोटरसाइकिल से ठाणे से इगतपुरी जा रहे थे। सामने से आ रही जीप ने उन्हें टक्कर मार दी थी। दुर्घटना के बाद बालसुब्रमण्यम को अस्पताल ले जाया गया था, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

**जीप चालक की लापरवाही से हुआ हादसा**

मृतक के स्वजन ने बताया कि जीप चालक की लापरवाही से यह हादसा हुआ। उन्होंने वाहन के मालिक और बीमा कंपनी से संयुक्त रूप से दो करोड़ रुपये के मुआवजे की मांग की। न्यायाधिकरण ने बीमा कंपनी के मृतक की गलती वाले तर्क को खारिज करते हुए कहा कि इस बात की पुष्टि के लिए कोई ठोस सुबूत नहीं दिया गया है। न्यायाधिकरण ने आदेश दिया कि जीप का मालिक और उसकी बीमा कंपनी संयुक्त रूप से 1.36 करोड़ रुपये और इस पर लगने वाले ब्याज की राशि आवेदकों को मुआवजे के रूप में दें।




# ठाणे से ट्रेनों में चोरी करने वालों को पकड़ा

## एक्सप्रेस ट्रेनों में चोरी के आरोप में दो गिरफ्तार



**मुंबई :** जीआरपी ने महाराष्ट्र के ठाणे जिले में एक्सप्रेस ट्रेनों में हुई चोरियों के सिलसिले में दो लोगों को गिरफ्तार किया है और उनसे 4.14 लाख रुपये मूल्य का चुराया हुआ कीमती सामान बरामद किया है। इसकी जानकारी एक अधिकारी ने मंगलवार को दी। अधिकारी ने कहा कि जीआरपी की अपराध शाखा ने पिछले हफ्ते मई में कल्याण में एक एक्सप्रेस ट्रेन में चोरी के मामले में 35 साल के आरोपी दिनेश गणपत निनावे और संतोष प्रसन्नकुमार चौधरी को गिरफ्तार किया था। उन्होंने बताया कि पूछताछ के बाद पुलिस ने दोनों के पास से 51 ग्राम सोना, पांच मोबाइल फोन और 4.14 लाख रुपये मूल्य का एक टैबलेट बरामद किया। अधिकारी ने बताया कि दोनों हिस्ट्रीशीटर थे और ट्रेनों में चोरी के पांच मामलों में शामिल थे।

# ईस्ट-वेस्ट एक्सप्रेस-वे गड्ढा मुक्त !

## दावा है कि जिम्मेदारी तय करने से समस्या का समाधान हो जाता है...

**मुंबई :** पिछले कुछ वर्षों से मेट्रो रेल के चल रहे कार्यों के कारण पूर्वी और पश्चिमी एक्सप्रेसवे पर मानसून के दौरान गड्ढों की एक बड़ी समस्या थी। भले ही यह राजमार्ग है. अब इस मार्ग की देखरेख की जवाबदारी मनपा द्वारा निश्चित किए जाने के बाद और रखरखाव के लिए दो स्वतंत्र ठेकेदारों की नियुक्ति किए जाने के बाद दोनों हाईवे गड्ढामुक्त हुए है जिससे वाहन चालक अब आराम से सफर तय कर रहे हैं. पूर्वी और पश्चिमी एक्सप्रेसवे को एमएमआरडीए से मनपा के पास अक्टूबर 2022 में हस्तांतरित किया गया था। माहिम से दहिसर वेस्टर्न एक्सप्रेसवे लगभग 27.85 किमी लंबा और 42 मीटर चौड़ा है, जबकि शिव से मुलुंड ईस्टर्न




एक्सप्रेसवे 18.6 किमी लंबा और 60 मीटर चौड़ा है। बारिश के मौसम में इन राजमार्गों पर बड़ी संख्या में गड्ढे होने के कारण मुंबईकरों का मनपा के खिलाफ गुस्सा बढ़ता जा रहा था. इन राजमार्गों को निगम द्वारा अपने अधीन लेने के बाद कुल रु.264 करोड़ की निधि से सड़कों की री-सरफेसिंग और अन्य कार्य किए गए । मनपा अधिकारियों ने दावा किया है कि इसमें सफलता मिल रही है.की दोनों सड़के अब गड्ढा मुक्त हुई है।

मनपा ने दोनों सड़कों के लिए स्वतंत्र ठेकेदार नियुक्त कर उस पर जिम्मेदारी तय कर दी। 'रिएक्टिव डामर', जो भारी बारिश में भी गड्ढों को भर सकता है, और 'रैपिड हार्डनिंग कंक्रीट', जो केवल छह घंटे में पूरी क्षमता से यातायात शुरू कर सकता है, का उपयोग किया जा रहा है। जहाँ आवश्यक हो वहाँ कोल्डमिक्स का प्रयोग किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि काम सही ढंग से शुरू होने से वाहन चालकों को गड्ढों और जाम से राहत मिल रही है। इन दोनों सड़कों पर प्री-मानसून और मानसून सीजन में खराब सड़कों, सर्विस रोड, फुटपाथ के रखरखाव, गड्ढों को भरने के लिए नालियों पर ढक्कन लगाने का काम किया जा रहा है। मुंबई में मनपा के अधिकार क्षेत्र में लगभग 2 हजार किमी सड़कें हैं। इसके अलावा 'एमएमआरडीए', 'एमएसआरडीसी', 'एमएमआरसीएल', 'पीडब्ल्यूडी', 'एमबीपीटी', 'बीएआरसी' जैसे 15 से अधिक प्राधिकरणों की सैकड़ों किमी सड़कें नगर निगम क्षेत्र में आती हैं। इसमें नगर पालिका के अधिकार क्षेत्र में आने वाली सड़कों का रखरखाव एवं मरम्मत नगर पालिका द्वारा किया जाता है।

# अंधेरी गोखले ब्रिज निर्माण में एक नई बाधा...

## निर्माण में बाधा बन रहे 32 निमार्णों को हटाना होगा...पुल का काम रुकने की संभावना

**मुंबई :** अंधेरी गोखले ब्रिज निर्माण में एक नई बाधा खड़ी हो गई है। ब्रिज का निर्माण शुरू करने से पहले अंधेरी पूर्व इलाके में 32 निर्माण हटाने होंगे। इन निर्माणों में 19 दुकान और 13 मकान हैं जो कि झोपड़े स्वरुप में है। इन निर्माणों को मानसून से पहले नहीं हटाया जा सकता है ।जिसके चलते मनपा के सामने बड़ी समस्या खड़ी हो गई है. मनपा प्रशासन दिवाली तक अंधेरी के गोखले ब्रिज को एक तरफ को खोलने की कोशिश कर रहा है। पुल के निर्माण को लेकर बीम डालने का काम जल्द शुरू करना होगा। बीम डालने के लिए क्रेन को खड़ा करने के लिए जगह बनानी होगी। इस जगह को बनाने के लिए अंधेरी पूर्व के कुछ निमार्णों को हटाना होगा. इस तरह



की जानकारी ब्रिज निर्माण में लगे ठेकेदार ने मनपा के पुल विभाग को दी है ।इन निमार्णों को हटाने का काम मनपा को करना होगा। मनपा के पूर्व के सहायक आयुक्त मनीष वालुंज ने बताया कि 32 निर्माण कार्यों में 19 दुकाने और 13 मकान है। जिसमें अधिकांश दुकानदारों और घर मैल्को के पास पात्रता के लिए कागजात नहीं उपलब्ध है। मनपा अधिकारी ने बताया कि 19 दुकानें पूरी तरह अपात्र है जबकि 13 झोपडो में मात्र 4 झोपड़े ही पात्र हुए है। चार पात्र घरों के लिए वैकल्पिक स्थल उपलब्ध कराने के लिए युद्ध स्तर पर काम चल रहा है। इस संबंध में प्रस्ताव विभाग कार्यालय द्वारा मनपा आयुक्त इकबाल सिंह चहल के पास मंजूरी के लिए भेजा गया है. इन निवासियों को आवासीय क्षेत्र में एक वैकल्पिक घर उपलब्ध कराना होगा। अपात्र आवासीय निमार्णों को बरसात के दौरान हटाया नहीं जा सकता, इसलिए मनपा प्रशासन के सामने इन निमार्णों को लेकर बड़ी समस्या खड़ी हो गई है । मनपा अतिरिक्त आयुक्त पी वेलरासु, ने कहा निर्माण हटाने को लेकर वार्ड कार्यालय को सूचित कर दिया गया है।

# ऐश्वर्या राय की आंखों के लिए अपनी टिप्पणी पर मंत्री गावित ने जताया खेद

## बोले- 'मैंने अपने जीवन में ...'

**मुंबई :** महाराष्ट्र के मंत्री विजयकुमार गावित ने बीते दिनों बयान दिया था कि, रोजाना मछली खाने से अभिनेत्री ऐश्वर्या राय जैसी 'खूबसूरत आंखें' हो जाती हैं. उनकी इस टिप्पणी पर विवाद छिड़ने के कुछ दिनों बाद खेद प्रकट किया है. इसको लेकर महाराष्ट्र राज्य महिला आयोग की प्रमुख रुपाली चाकणकर ने मंगलवार (29 अगस्त) को कहा कि, 'मंत्री विजयकुमार गावित ने आयोग को सौंपे गए एक लिखित जवाब में यह भी कहा है कि समाचार चैनलों ने संदर्भ से हटकर उन्हें उद्धृत किया.

महाराष्ट्र राज्य महिला आयोग की प्रमुख रुपाली चाकणकर ने मंत्री के जवाब को उद्धृत करते हुए सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर पोस्ट किया है. उन्होंने अपने संदेश में कहा कि, 'विजयकुमार गावित ने





कहा है कि यदि उनकी टिप्पणी से महिलाओं के किसी समूह का अपमान हुआ है तो वह खेद प्रकट करते हैं. महिलाओं का अपमान करने का उनका कोई इरादा नहीं था.' उन्होंने कहा, 'गावित ने यह भी कहा है कि वह स्थानीय लहजे में बोल रहे थे, लेकिन समाचार चैनलों ने उनकी टिप्पणी को संदर्भ से हटाकर पेश किया. मैंने अपने पूरे जीवन में महिलाओं के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी नहीं की है.'

**ऐश्वर्या राय को लेकर बीजेपी नेता दिया था ये बयान**

बीजेपी नेता विजयकुमार गावित द्वारा एक सार्वजनिक सभा में दिये गये भाषण का वीडियो वायरल हो जाने के बाद, उनके एक बयान पर विवाद शुरू हो गया था. वीडियो में उन्हें यह कहते सुना जा सकता है, 'जो लोग रोजाना मछली खाते हैं उनकी त्वचा कोमल हो जाती है और उनकी आंखों में चमक आ जाती है. यदि कोई आपको देखेगा तो वह आपकी ओर आकर्षित हो जाएगा.' उन्होंने कहा था, 'क्या मैंने आपको ऐश्वर्या राय के बारे में बताया? वह मंगलुरु में समुद्र तट के पास रहती थीं. वह रोजाना मछली खाती होंगी.




# पुणे जिले में इलेक्ट्रिक हार्डवेयर की दुकान में लगी भीषण आग, हादसे में 4 की मौत



**महाराष्ट्र:** पुणे जिले के पिंपरी-चिंचवड़ के पूर्णानगर इलाके में एक दुकान में भीषण आग लगने की घटना सामने आई है। यह दुकान इलेक्ट्रॉनिक हार्डवेयर की थी। अधिकारियों के मुताबिक इस घटना में 4 लोगों की मौत हो गई है। आग इतनी भयानक थी कि दुकान जलकर पूरी तरह से खाक हो गई है।जांच एजेंसी एएनआई ने ट्वीट करते हुए बताया कि पुणे जिले के पिंपरी-चिंचवड़ के पूर्णानगर इलाके में आज लगने से चार लोगों की मौत हो गई। आज सुबह करीब 5 बजे एक आवासीय इमारत के भूतल पर स्थित एक इलेक्ट्रिक हार्डवेयर की दुकान में आग लग गई। यह जानकारी पिंपरी-चिंचवड़ नगर निगम अग्निशमन विभाग द्वारा दी गई है। अधिकारियों के मुताबिक आज सुबह करीब 5 बजे एक आवासीय इमारत के भूतल पर आग लग गई. पिंपरी चिंचवड़ नगर निगम के अग्निशमन विभाग के एक अधिकारी ने आग की घटना में 4 लोगों की मौत की पुष्टि भी की है. अधिकारियों ने बताया कि आग में दुकान पूरी तरह जलकर खाक हो गई।

# वार रूम में 10 महत्वपूर्ण परियोजनाओं की समीक्षा

## मुंबई मनपा को ट्विन टनेल संकल्पना के उपयोग का निर्देश, वेस्टर्न एक्सप्रेस-वे और ईस्टर्न एक्सप्रेस-वे को जोड़ने पर चर्चा

**मुंबई :** मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की अध्यक्षता में मंगलवार को मंत्रालय के वार रूम में राज्य की 10 महत्वपूर्ण परियोजनाओं की समीक्षा की गई। मुख्यमंत्री ने इस दौरान राज्य में शुरू विभिन्न इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट, मेट्रो सहित सिंचाई परियोजनाओं को तत्काल और नियत समय में पूरा करने के निर्देश दिए। साथ ही मुंबई में ट्रैफिक जाम की समस्या के समाधान के लिए उन्नत तकनीक पर आधारित ट्विन टनेल की नई अवधारणा का उपयोग करने के लिए मुंबई महापालिका को सर्वेक्षण कराने का निर्देश दिए।

बैठक में उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, उपमुख्यमंत्री अजित पवार, मुख्य सचिव मनोज सौनिक सहित विभिन्न विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव और सचिव उपस्थित थे। बैठक में प्रमुख रूप से मुंबई, पुणे और नागपुर मेट्रो, सिंचाई परियोजना, समृद्धि महामार्ग के आसपास इकोनॉमिक जोन परियोजना की समीक्षा की गई।



मुख्यमंत्री ने मुंबई मनपा को निर्देश दिया कि जहां पर ट्रैफिक जाम अधिक होता है, वहां ग्रेड सेपरेटर लगाकर नागरिकों को ट्रैफिक जाम से मुक्ति दिलाई जाए। ट्रैफिक जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिए मुंबई मनपा को नए कॉन्सेप्ट ट्विन टनल के इस्तेमाल को लेकर सर्वे करना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि बैठक में वेस्टर्न एक्सप्रेस-वे और ईस्टर्न एक्सप्रेस-वे को जोड़ने के मामले पर भी चर्चा हुई।


इस अवसर पर मुंबई मेट्रो लाइन 4, 4ए और 11 के लिए मोगरपाड़ा में डिपो के लिए भूमि अधिग्रहण विषय पर समीक्षा की गई। मुख्यमंत्री ने मुंबई मनपा आयुक्त को मीठी नदी विकास एवं प्रदूषण नियंत्रण परियोजना को तुरंत पूरा करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर ठाणे भिवंडी कल्याण से मुंबई मेट्रो 5 रूट के लिए कशेली में भूमि अधिग्रहण की समीक्षा की गई। मुख्यमंत्री ने दक्षिण मुंबई क्षेत्र में महत्वपूर्ण सड़कों, फुटपाथों पर अतिक्रमण हटाने और सड़कों और चौराहों को साफ और सुंदर रखने के लिए कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। समृद्धि हाईवे के किनारे इकोनॉमिक जोन बनाने पर भी विस्तार से चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने लोअर पैनगंगा परियोजना के क्रियान्वयन के संबंध में जल संसाधन विभाग को निर्देश दिए।

# पालघर में लाखों का ड्रग रखने के आरोप में कई दबोचे..



**पालघर :** पालघर में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए लाखों रुपये का ड्रग रखने के आरोप में पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मंगलवार को कहा कि नालासोपारा शहर से 21 लाख रुपये की एमडी ड्रग रखने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने एक स्थानीय आपूर्तिकर्ता से यह ड्रग खरीदा था। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने सोमवार को एक गुप्त सूचना पर सेंट्रल पार्क इलाके में एक फ्लैट पर छापा मारा कि राजस्थान से कुछ लोग ड्रग्स खरीदने के लिए वहां पहुंचेंगे। 210 ग्राम एमडी ड्रग जब्त किया गया। नशीला पदार्थ बेचने वाला मुख्य आरोपी फरार है। नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस (एनडीपीएस) अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# मुंबई में ड्रग्स की तस्करी, ९९७ मामलों में ४६ करोड़ की ड्रग्स जब्त



**मुंबई :** ड्रग्स की तस्करी तेजी से हो रही है। युवाओं में भी नशे की लत काफी हद तक बढ़ गई है। इसी वजह से मुंबई में ड्रग्स डिमांड जोरों पर है। मुंबई में 'ड्रग्स का डेरा' जमने लगा है। मिली जानकारी के मुताबिक, सबसे ज्यादा नशीली दवाओं की तस्करी मुंबई में हो रही है और १६ अगस्त तक ९९७ मामलों में ४६ करोड़ की ड्रग्स जब्त की गई है, जबकि नागपुर राज्य में दूसरे नंबर पर है। यह चौंकाने वाली जानकारी राज्य पुलिस की वेबसाइट से मिली है।

बता दें कि इस समय राज्य में बड़े पैमाने पर नशीली दवाओं और अन्य नशीले पदार्थों की तस्करी और बिक्री बढ़ गई है। नशीली दवाओं की लत पहले अभिजात्य वर्ग तक ही सीमित थी। हालांकि, अब ड्रग्स का संकट कॉलेज के छात्रों से लेकर स्कूली बच्चों तक और बड़ी आईटी कंपनियों के दफ्तर तक पहुंच गया है। इसमें कई दलाल सक्रिय हैं क्योंकि दवाओं से होने वाला राजस्व करोड़ों में है। मुंबई और गोवा दो ऐसे शहर हैं, जो मादक पदार्थों की तस्करी का केंद्र हैं। बता दें कि मुंबई से महाराष्ट्र के तमाम शहरों में ड्रग्स, हेरोइन, एमडी, चरस और कोकीन की डिलीवरी होती है। कमजोर पुलिस नेटवर्क और रिपोर्टों के कारण मादक पदार्थों की तस्करी आज भी बड़े पैमाने पर हो रही है। कई मादक पदार्थ तस्करों के राजनीतिक संबंध हैं और कुछ के पुलिस विभाग से होने के कारण ड्रग्स तस्करों पर लगाम नहीं लग पा रही है।

नशीली दवाओं का उपयोग शारीरिक और यौन क्षमता को बढ़ाने के लिए किया जाता है। इसीलिए युवाओं में नशे की लत बढ़ी है। जो युवा महिलाएं पब और क्लबों में मारिजुआना सिगरेट से शुरूआत करती हैं, वे कुछ दिन बाद नशीली दवाओं की आदी हो जाती हैं फिर ड्रग्स पाने के लिए वेश्यावृत्ति तक कर बैठती हैं। इसके अलावा कई क्लबों में युवतियों को नशे की लत लगाई जाती है।

पुलिस की एनडीपीएस टीम के मुंबई से राज्य पार करने वाले ड्रग तस्करों के साथ 'सार्थक' संबंध हैं, क्योंकि करोड़ों में ड्रग्स की खरीद-फरोख्त हो रही है। ऐसे में अगर ड्रग्स पुलिस के हाथ लग जाए तो भारी नुकसान होता है, इसलिए तस्करों के गिरोह सीधे पुलिस से हाथ मिला लेते हैं। पुलिस की इसी भूमिका के कारण देश की युवा पीढ़ी नशे की आदी होती जा रही है। बताया जाता है कि भले ही पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी 'ड्रग्स प्री सिटी' अभियान चला रहे हैं, लेकिन कर्मचारी पैसा कमाने के लिए समझौता कर रहे हैं।

# महाराष्ट्र सरकार ने उच्च न्यायालय से कहा,

## धारावी पुनर्विकास परियोजना में अडाणी को अनुचित लाभ नहीं



**मुंबई :** महाराष्ट्र सरकार ने बंबई उच्च न्यायालय से कहा है कि मुंबई में धारावी झोपड़पट्टी पुनर्विकास परियोजना के लिए 2022 में जारी की गई नई निविदा पूरी तरह पारदर्शी थी और सबसे ऊंची बोली लगाने वाले अडाणी समूह को इसमें किसी तरह का अनुचित लाभ नहीं दिया गया था। सरकार ने इस महीने की शुरूआत में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की कंपनी सेकलिंक टेक्नोलॉजीज कॉरपोरेशन द्वारा दायर एक याचिका के जवाब में अपना हलफनामा दाखिल किया था। यूएई की कंपनी ने अडाणी प्रॉपर्टीज प्राइवेट लि. को परियोजना का ठेका देने के सरकार के फैसले को चुनौती दी थी। हलफनामे में कहा गया है, ''याचिकाकर्ता ने बिना किसी आधार के राजनीति से प्रेरित होने निराधार आरोप लगाए हैं। इस रिट याचिका लागत के साथ खारिज किया जाना चाहिए।'' मुख्य न्यायाधीश डी के उपाध्याय और न्यायमूर्ति आरिफ डॉक्टर की खंडपीठ बृहस्पतिवार को याचिका पर सुनवाई करेगी।

राज्य के आवास विभाग के उप-सचिव द्वारा दायर हलफनामे में कहा गया है कि याचिकाकर्ता कंपनी ने पुरानी निविदा को रद्द करने के बारे में 'झूठे और निराधार' आरोप लगाए हैं। हम इन आरोपों को खारिज करते हैं। इसमें कहा गया है कि निविदा प्रक्रिया को रद्द करने की कार्रवाई में उचित प्रक्रिया का पालन किया गया। ''मैं इन आरोपों से इनकार करता हूं कि नई निविदा अडाणी को फायदा पहुंचाने के लिए निकाली गई थी।''

# मुंबई में ३० अगस्त से ३ सितंबर के बीच तेज बारिश!



**मुंबई** : देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में अगस्त महीने में तुलनात्मक रूप से कम बारिश होती है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के मुताबिक मुंबई में ३० अगस्त से ३ सितंबर के बीच तेज बारिश हो सकती है। अरब सागर में हाई टाइड के चलते ४.५ मीटर से भी अधिक ऊंची लहरों के उठने का अनुमान है। ऐसे में लोगों से समुद्र तट पर नहीं जाने की सलाह दी गई है।

ज्ञात हो कि मुंबई के लोगों के लिए डराने वाली खबर भी आ रही है। आईएमडी के मुताबिक, मुंबई में आगामी पांच दिनों (३० अगस्त से ३ सितंबर) के दौरान अरब सागर में हाई टाइड अलर्ट जारी किया गया है। बृहन्मुंबई महानगरपालिका के मुताबिक, ३० अगस्त से लेकर आगामी ३ सितंबर तक मुंबई में ४.५ मीटर तक ऊंची लहरें उठेंगीं। ऐसे में समुद्र किनारे जाने वालों को खास चेतावनी जारी की गई है।

इसके अलावा, आपात स्थिति में शहर के गोरेगांव, दादर, माहिम, खार, जुहू, सात बंगला, वसोर्वा, मार्वे, मढ़ और अन्य समुद्र तटों पर लाइफगार्ड्स भी तैनात रहेंगे। हाई टाइड के दौरान स्थानीय पुलिस भी तैनात रहेगी। २ और ३ सितंबर को वीकेंड है और ऐसे में समुद्र तट पर अधिक पर्यटक आते हैं, ऐसे में खास सतर्कता बरतने के लिए कहा गया है।

# 'केईएम' अस्पताल में भारी असुविधाओं के चलते मरीजों का हाल बेहाल

**मुंबई : मनपा के परेल स्थित 'केईएम' अस्पताल में भारी असुविधाओं के चलते मरीजों का हाल बेहाल हो रहा है। गरीब मरीजों को दवाइयां मेडिकल स्टोर से खरीदनी पड़ रही हैं। इस कारण उन्हें वित्तीय संकट से जूझना पड़ रहा है। स्ट्रेचर और व्हीलचेयर की बहुत ज्यादा कमी है। इसके अलावा सर्जरी कराने के लिए मरीजों को करीब दो महीने तक इंतजार करना पड़ रहा है।**




इतना ही नहीं, 'सीटी स्कैन', 'एमआरआई', सोनोग्राफी जैसी मशीनों की कमी से मरीज परेशान और हताश दिख रहे हैं। इन सभी समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए शिवसेना ने (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) अस्पताल पर कल जोरदार मोर्चा निकलते हुए यहां व्याप्त समस्याओं को लेकर जवाब मांगा। इसके बाद अतिरिक्त आयुक्त के साथ बैठक हुई। इस दौरान मनपा प्रशासन ने आश्वासन दिया कि दो महीने में सभी असुविधाओं को दूर करके अस्पताल का कायापलट किया जाएगा।

ज्ञात हो कि मनपा द्वारा संचालित अस्पताल में असुविधाओं को लेकर शिवसेना विधायक अजय चौधरी के साथ एक प्रतिनिधिमंडल की ४ जुलाई को 'केईएम' की डीन के साथ बैठक हुई थी। इसके बाद फिर से ७ अगस्त को भी अतिरिक्त आयुक्त डॉ. सुधाकर शिंदे के साथ बैठक हुई थी। इस दौरान आठ दिनों में सभी असुविधाओं को दूर किए जाने का आश्वासन दिया गया था। हालांकि, इस बार भी प्रतिनिधिमंडल को केवल आश्वासनों का पिटारा दिया गया, जबकि प्रत्यक्ष तौर पर अभी तक इस पर किसी तरह की कार्रवाई नहीं हुई है। इसके चलते अस्पताल में आनेवाले गरीब मरीजों को भारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। प्रशासन की इस मनमानी का विरोध करते हुए कल 'केईएम' अस्पताल पर जोरदार मोर्चा निकाला गया। शिवसेना नेता व सांसद अरविंद सावंत समेत सैकड़ों की संख्या में शिवसैनिक और पदाधिकारी अस्पताल पर पहुंच गए। इस दौरान विधायक अजय चौधरी, पूर्व विधायक दगडू (दादा) सकपाल, पूर्व नगरसेवक आशीष चेंबूरकर, पूर्व नगरसेविका श्रद्धा जाधव, पूर्व नगरसेवक अनिल कोकिल, सचिन पड़वल, दत्ता पोंगडे, पूर्व नगरसेविका सिंधु मसुरकर, उर्मिला पांचाल, उपविभागप्रमुख गजानन चव्हाण, पराग चव्हाण आदि गणमान्य उपस्थित थे।

# मुंबई में अड़ियल रिक्शावालों की मनमानी, ट्रैफिक की समस्या



**मुंबई** : ट्रैफिक की समस्या ने पादचारियों की टेंशन बढ़ा दी है। कितनी भी उचित-समुचित व्यवस्था कर दी जाए लेकिन कुछ लोग यातयात के सभी नियमों को ताक पर रखकर उसकी धज्जियां उड़ा रहे हैं। आम-सामन्य जन पहले ही ट्रैफिक की समस्या से जूझ ही रहा है। उस पर शहाड के कुछ अड़ियल रिक्शावालों की मनमानी भी लोगों की समस्याओं में इजाफा कर रही है।

गौरतलब है कि शहाड रेलवे स्टेशन पूर्व में रिक्शा चालकों के मनमानी तरीके से लाइन लगाने के कारण अन्य वाहन चालकों को तकलीफ हो रही है। यहां वैसे भी हमेशा ट्रैफिक जाम ही रहता है। आश्चर्य की बात तो यह कि इस समस्या से निजात दिलाने के लिए रिक्शा लाइन के लिए पाइप की रेलिंग लगाई गई है, लेकिन इसके बावजूद उसका पालन नहीं किया जा रहा है। इस प्रकार का आरोप सिटीजन रिपोर्टर राजेश पवार ने लगाया है। उनका आरोप है कि कुछ रिक्शाचालक बिना लाइन लगाए बीच में ही आकर पैसेंजर को रिक्शा में बिठा लेते हैं। इसकी वजह से अन्य रिक्शावाले लाइन लगाने के बावजूद खड़े रह जाते हैं और उन्हें पैसेंजर नहीं मिलता। उल्हासनगर शहर ऐसा शहर है जहां पर ऑटोरिक्शा चालकों की मनमानी चलती है। उसी का उदाहरण शहाड रेलवे स्टेशन की ऑटोरिक्शा व्यवस्था है। यहां से सेंच्युरी रेयान (बी.के. बिरला मार्ग), म्हारल, वरप और काबा की तरफ जानेवाले रिक्शा चालकों के मनमाने रवैये के कारण पादचारियों के अलावा अन्य वाहन चालक और स्टेशन की तरफ जानेवाले रेल यात्री काफी यातना भोग रहे हैं। इस मार्ग पर यातायात पुलिस के जवान को तैनात करने की जरूरत है। शहाड रेलवे उड़ान पुल के पास कभी-कभी कई यातायात पुलिस, ट्रैफिक वॉर्डन के साथ खड़े रहते हैं। पवार ने बताया कि श्रीकांत धरने नामक पूर्व यातायात निरीक्षक ने उल्हासनगर की सड़कों की यातायात व्यवस्था को रस्सी, रेलिंग, ड्रम लगाकर सुचारू रूप से किया था। लेकिन कुछ ऑटोरिक्शा चालक यातायात के नियमों को ताक पर रखकर दूसरे रिक्शावालों को परेशान कर रहे हैं। गौरतलब है कि इन दिनों उल्हासनगर के यातायात पुलिस निरीक्षक की कमान विजय गायकवाड़ संभाल रहे हैं।

# मानसूनी बीमारियों के शिकार मुंबईकर

**मुंबई** : मुंबई में इस महीने रिमझिम बारिश होती रही। ऐसे में मुंबईकरों ने कभी गर्मी तो कभी ठंड का अनुभव किया। फिलहाल, मौसम का यह मिजाज मानसूनी बीमारियों के लिए अनुकूल बन गया है, जिससे लोग बीमारियों के शिकार हो रहे हैं। आलम यह रहा कि अगस्त में डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया, स्वाइन फ्लू और लेप्टो जैसी बीमारियां तेजी से पैठली हैं। मुंबई में पैठलती बीमारियों ने मनपा के लिए परेशानी बढ़ा दी है। साथ ही मनपा ने मुंबईकरों से सावधान रहने की अपील भी की है, ताकि बीमारियों के तुफान को कंट्रोल किया जा सके।



मुंबई मनपा के स्वास्थ्य विभाग द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों के मुताबिक, एक अगस्त से २७ अगस्त के बीच मलेरिया के ९५९, डेंगू के ७४२, स्टमक फ्लू के ८१९, लेप्टो के २६५, स्वाइन फ्लू के १०८, चिकनगुनिया के ३४ और हेपेटाइटिस के ७७ मामले दर्ज किए गए हैं। मनपा की कार्यकारी स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. दक्षा शाह ने बताया है कि अगस्त में डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया और स्वाइन फ्लू के मामले बढ़े हैं। उन्होंने कहा कि रिपोर्टिंग यूनिट की संख्या बढ़कर ८८० होने से स्क्रीनिंग और ट्रेसिंग अधिक होने लगे हैं। इसके चलते मरीजों की संख्या अधिक दर्ज की जा रही है। जल-जनित बीमारियों के लिए घर-घर सर्वेक्षण के तहत परीक्षण के लिए पानी के २,३७९ नमूने लेकर उनकी जांच की गई। साथ ही पानी में घातक कीटाणुओं का नाश करने के लिए २०,२३० क्लोरीन टैबलेट वितरित किए गए हैं। इसके अलावा स्टमक फ्लू से पीड़ित मरीजों को २०,४५६ ओआरएस उपलब्ध कराया गया।

मनपा स्वास्थ विभाग के मुताबिक, स्वास्थ्यकर्मी घर-घर जाकर सर्वे कर रहे हैं। बताया गया है कि इस महीने १६,८८,७२० घरों और ७४,६३,९४१ लोगों का सर्वे किया गया है। साथ ही १,५४,०४८ खून के नमूनों को संकलित किया गया। इसके अलावा लेप्टो से पीड़ित कुल १३,६३० मरीजों का इलाज किया गया है। डॉ. दक्षा शाह ने बताया कि डेंगू और मलेरिया की रोकथाम के लिए १४,९५,४२८ इमारतों और झोपड़ों के साथ ही १६,३५,५६७ मच्छरों के प्रजनन स्थलों का निरीक्षण किया गया। इस बीच २४,५१२ प्रजनन स्रोतों का पता चला है, जिसे नष्ट कर दिया गया। इतना ही नहीं २५,४३९ फिलिंग मशीन की सहायता से १०,५१,२६२ इमारतों और झोपड़पट्टियों में धुएं मारे गए। इसके साथ ही लेप्टो की रोकथाम के लिए जहरीली दवाइयों का इस्तेमाल करके ३,७६९ चूहों को मारा दिया गया, साथ ही ४,२४० चूहों को पिंजरे के इस्तेमाल से पकड़ा गया।




# मनपा अस्पतालों में भर्ती मरीजों की सुरक्षा पर सवालिया निशान

**मुंबई** : मनपा अस्पताल में अधिकांश गरीब मरीज ही इलाज कराने के लिए आते हैं। इन्हीं गरीब मरीजों और उनके परिजनों को हलाल करने का खेल इन अस्पतालों में शुरू है। इसी बीच वायरल हुए २१ अगस्त को सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो ने नायर अस्पताल की पोल खोल कर रख दी है। वीडियो में दिखाई दे रहा है कि एक व्यक्ति अस्पताल में पहुंचकर डॉक्टर या नर्स से पूछे बिना ही गंभीर दिल के रोगी का खून निकाल रहा है। बताया गया है कि वीडियो में दिखाई देनेवाला व्यक्ति और कोई नहीं, बल्कि निजी लैब से जुड़ा हुआ है। साथ ही वीडियो को रिकॉर्ड करनेवाला समाजसेवक था, जिसने यह भी आरोप लगाया है कि खून निकालने वाला व्यक्ति नशे की हालत में था। इस घटना




के सामने आने के बाद न केवल मनपा अस्पतालों में भर्ती मरीजों की सुरक्षा पर सवालिया निशान खड़ा कर दिया है, बल्कि यह भी साबित कर दिया है कि इन अस्पतालों में कामकाज रामभरोसे ही चल रहा है।

समाजसेवी के मुताबिक, मुझे मरीजों के रिश्तेदारों से कई शिकायतें मिली थीं कि निजी लैब के लोग खून का नमूना लेने के लिए वार्डों में आते हैं। इसके अलावा यह काम सभी राज्य और मनपा अस्पतालों में किया जाता है। उन्होंने प्रशासन से यह भी सवाल किया है कि अगर किसी मरीज की मौत हो जाती है तो इसकी जिम्मेदारी कौन लेगा?

इस बीच अस्पताल प्रशासन ने आरोप से इनकार किया है। नायर अस्पताल के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा है कि कुछ परीक्षण ऐसे हैं, जो अस्पताल में नहीं किए जाते हैं, जिसके बारे में मरीजों के रिश्तेदारों को सूचित किया जाता है। मरीज के परिजन उन परीक्षणों को बाहर से कराने की सहमति देते हैं तो बाहर के लोग नमूने लेने के लिए अस्पताल में आते हैं।

सूत्रों के मुताबिक, मरीजों के खून के नमूने बाहर जांच के लिए भेजने और कमीशन कमाने के लिए निजी लैब और अस्पताल के डॉक्टरों के बीच सांठ-गांठ है। प्रत्येक अस्पताल के लिए सभी निजी लैबों के व्हाट्सऐप ग्रुप हैं। उस ग्रुप के सदस्यों को खून के नमूने करने के लिए रोगियों का विवरण सौंपा गया है। हालांकि, उक्त समाजसेवी के मुताबिक, उसे गुप्त जानकारी मिली थी कि निजी लैब के अधिकारी खुलेआम मनपा अस्पतालों में जाते हैं और जांच के लिए खून के नमूने लेते हैं। २१ अगस्त को अस्पताल में मरीज के खून का नमूना लेने पहुंचे उक्त व्यक्ति को रोककर उसकी पहचान के बारे में पूछताछ करने पर पता चला कि वह एक निजी लैब से है। उसने स्वीकार किया कि उसे मरीज के खून का नमूना लेने के लिए कहा गया है।

# आसमान में एक अनोखी खगोलीय घटना ब्लू सुपरमून



**मुंबई** : अंतरिक्ष और खगोलीय घटनाओं के प्रति सभी के मन में जिज्ञासा होती है। खासकर रात के समय जगमगाते सितारों और चंद्रमा से भरे आसमान के बारे में जानने के लिए लोग लालायित रहते हैं। ऐसे ही लोग आज यानी ३० अगस्त को आसमान में एक अनोखी खगोलीय घटना के साक्षी बन सकते हैं। उन्हें आज आसमान में ब्लू सुपरमून देखने का सुनहरा अवसर मिलेगा। अपनी आंखों में वैष्ठद करने योग्य ऐसा यादगार कई बार-बार देखने को नहीं मिलता है क्योंकि ब्लू सुपरमून २ या ३ साल के बाद ही देखने को मिलता है। इस दौरान चंद्रमा 'नारंगी' रंग का दिखाई देता है।

३० अगस्त को आसमान में ब्लू सुपरमून नजर आने वाला है। सुपर ब्लू मून इस साल अब तक दिखाई देने वाला तीसरा सबसे बड़ा चांद होगा। ३० अगस्त को चंद्रमा का आकार सामान्य की तुलना में ७ प्रतिशत बड़ा और १६ प्रतिशत अधिक चमकीला दिखाई देगा। इस बार ब्लू सूपर मून देखने का मौका चूकनेवालों को बाद में ऐसी घटना २०२६ में ही देखने को मिल सकती है। २०१८ को ब्लू सुपरमून के दौरान चंद्रमा पृथ्वी से ३,५७,५३० किमी की दूरी पर था, जबकि ३० अगस्त को चंद्रमा ३,५७,३४४ किमी और भी करीब होगा। ३० अगस्त को जैसे ही सूर्यास्त होने लगेगा उस दौरान अब इस अद्भुत नजारे को अपनी आंख में वैष्ठद कर सकते हैं। ३० अगस्त २०२३ को ठीक रात ८ बजकर ३७ मिनट पर सुपर ब्लू मून अधिक चमकीला और बड़ा नजर आएगा।

# महंगाई और बेरोजगारी से त्राहि-त्राहि...






**मुंबई** : २०१९ में केंद्र की सत्ता में दोबारा लौटने के बाद केंद्र में नरेंद्र मोदी के नेतृत्ववाली भाजपाई सरकार ने आम जनता को उपेक्षित छोड़ दिया। जनता पहले ही महंगाई और बेरोजगारी से त्राहि-त्राहि कर रही थी उस पर कोरोना में लगे लॉकडाउन ने बेहाल लोगों की कमर तोड़ने का काम किया। पेट्रोल-डीजल व दूसरे तमाम ईंधनों सहित खाद्य तेल, दूध, दाल, चावल, आटा, सब्जी आदि सभी चीजों के दाम आसमान छूने लगे हैं। सामान्य जनता के लिए दो जून की रोटी का जुगाड़ भी मुश्किल हो गया है। जिस रसोई गैस सिलिंडर के दाम ४५० होने पर मोदी के नेतृत्व में पूरी भाजपा सड़क पर उतर कर हाय-तौबा मचाती थी, उसी सिलिंडर के दाम करीब सालभर पहले १,१०० के पार पहुंच गए लेकिन केंद्र सरकार सहित पूरी भाजपा कान में तेल डाले बैठी रही है। केंद्र सरकार रामंदिर, अनुच्छेद ३७०, पुलवामा, हिजाब, हलाल, हनुमान चालीसा और मस्जिदों के भोंगे जैसे मामलों में उलझाकर धर्म और राष्ट्रवाद का चूरन चटाने में लगी रही, लेकिन कुछ महीने पहले हुए कर्नाटक चुनाव में मिली करारी शिकस्त के बाद मोदी सरकार की कुंभकर्णी नींद टूटी है। वैसे तो देश में मीडिया की आजादी लगभग खत्म ही हो गई है। लोग केंद्र सरकार और भाजपा की खुशामद करके अपना अस्तित्व बचाए रखने का प्रयासभर कर रहे हैं। वर्ष २०२४ में भाजपा के जाने की बात वैसे तो अभी तक सभी रहे हैं लेकिन इस सच्चाई से साक्षात्कार होने के बाद भी कोई भी एजेंसी चुनाव पूर्व सर्वे की रिपोर्ट खुल कर रखने की हिम्मत अबतक नहीं दिखा पाई है।

# वन विभाग की जमीन पर अवैध रूप से बनाए गए सात बंगलों को बख्शा नहीं जाएगा!

ठाणे, ठाणे शहर से जुड़े येऊर स्थित वन विभाग की जमीन पर अवैध रूप से बनाए गए सात बंगलों को बख्शा नहीं जाएगा। लोकायुक्त के समक्ष हुई सुनवाई में मनपा प्रशासन को कुछ अहम आदेश दिए गए हैं। साथ ही लोकायुक्त ने यह स्पष्ट किया है कि सात बंगले में किया गया कार्य अनधिकृत है। लोकायुक्त ने अवैध बंगलों के निर्माण में शामिल मनपा अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई करने और कार्यवाही की रिपोर्ट १४ सितंबर को पेश करने का आदेश दिया है। सूत्रों के मुताबिक, जिस पूर्व शिक्षा बोर्ड अध्यक्ष का इस अवैध निर्माण में हाथ है, वह शिंदे गुट में शामिल है।

बता दें कि सामाजिक कार्यकर्ता योगेश मूंदड़ा ने येऊर में ठाणे मनपा के पूर्व शिक्षा बोर्ड अध्यक्ष सुरेश गाड़ा द्वारा बनाए गए सात अवैध बंगलों के खिलाफ नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल में याचिका दायर की गई थी। इसके बाद



उन्होंने लोकायुक्त से भी शिकायत की। शिकायत में उन्होंने कहा कि ये सात बंगले येऊर जंगल में बने हैं, जो संजय गांधी राष्ट्रीय उद्यान का हिस्सा है और पारिस्थितिक रूप से संवेदनशील है। मूंदड़ा का आरोप था कि इन निर्माण कार्यों की शिकायत के बावजूद मनपा द्वारा उन्हें बचाया जा रहा है। इस मामले में उनकी शिकायत के आधार पर लोकायुक्त ने ११ नवंबर २०२२ को सुनवाई की थी। इसके बाद हाल ही में इस संबंध में एक बार फिर वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए सुनवाई हुई है।

बताया गया है कि मनपा प्रशासन ने शिकायतकर्ता की शिकायत पर संबंधितों को नोटिस जारी करने में पांच माह की देरी की है। तदनुसार, लोकायुक्त ने कहा है कि देरी की जांच की जानी चाहिए और यदि यह पाया जाता है कि देरी हुई है तो संबंधित व्यक्ति की जिम्मेदारी निर्धारित करने के लिए कार्रवाई की जानी चाहिए। साथ ही इन निमार्णों पर टैक्स किस आधार पर लगाया गया है? साथ ही शिकायत में इन सात बंगलों के निर्माण को अनधिकृत साबित होने पर यह सवाल भी उठाया गया है कि उस निर्माण को लेकर आगे क्या किया जाए। क्या इस पर कार्रवाई होगी? इस संबंध में एमआरटीपी के तहत मामला दर्ज कर अगली सुनवाई से पहले इस संबंध में एकत्रित रिपोर्ट सौंपने का आदेश दिया गया है। यह भी स्पष्ट किया गया है कि पर्यावरण के प्रति संवेदनशील भूखंडों पर किराएदारों को अधिकार वैष्ठसे प्रदान किए गए, इसकी रिपोर्ट अगली सुनवाई यानी १४ सितंबर, २०२३ से पहले प्रस्तुत की जानी चाहिए।

# मुंबई और रायगढ़ के रेवास के बीच फेरी सेवा एक सितंबर से फिर से शुरू होगी

**महाराष्ट्र** : महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले में मुंबई और रेवास के बीच नौका सेवा, जो जून से मानसून के कारण निलंबित थी, 1 सितंबर से फिर से शुरू होगी। इसकी जानकारी नौका ऑपरेटरों ने मंगलवार को दी। ऑपरेटरों के एक संगठन, मुंबई जलवाहटुक औद्योगिक संस्था मर्यादित ने कहा, 1 सितंबर को सुबह 6 बजे से दक्षिण मुंबई में भाऊचा धक्का (नौका घाट) और रेवास के बीच प्रत्येक दिशा में तीन सेवाएं संचालित की जाएंगी।

नौका संचालकों के संगठन के सदस्य जमीर बामने ने बताया कि भाऊचा धक्का और रेवास के बीच एक तरफ का किराया 100 रुपये प्रति व्यक्ति है, जबकि यात्रियों को दोपहिया वाहन लेने के लिए 200 रुपये चुकाने होंगे। उन्होंने कहा कि सप्ताहांत पर, हम यात्रियों की संख्या के आधार पर अधिक सेवाएं संचालित करेंगे।

फिल्म निर्माता विवेक अग्निहोत्री बेबाकी से अपने विचार व्यक्त करने के लिए मशहूर हैं। अक्सर वह बॉलीवुड फिल्म और उसके कलाकारों के प्रति अपनी कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हैं। एक बार फिर विवेक ने हिंदी सिनेमा और उसके सितारों की आलोचना की है। उन्होंने कहा कि बॉलीवुड फिल्में अभिनेताओं के कारण 'बेवकूफी भरी' लगती हैं। इसके साथ ही उन्होंने इस बारे में बात की कि कई इन चीजों ने उनके करियर पर नकारात्मक प्रभाव डाला, जिसके कारण उन्हें इंडस्ट्री से मानसिक सेवानिवृत्ति पर विचार करना पड़ा।

## बॉलीवुड से खुद को अलग मानते हैं विवेक

'द कश्मीर फाइल्स' के निर्देशक ने कहा, “मैं इसे अहंकार से नहीं कह रहा हूं, बल्कि मैं सच कह रहा हूं। मुझे लगने लगा कि जिन स्टार्स के साथ मैं काम करता हूं, वे पढ़े-लिखे नहीं हैं और उन्हें दुनिया के बारे में कोई जानकारी नहीं है। मैं उनसे कहीं अधिक बुद्धिमान हूं और मेरा विश्व दृष्टिकोण निश्चित रूप से उनसे बेहतर है तो उनकी मूर्खता मुझे नीचे खींच रही थी। वे इतने मूर्ख हैं कि वे आपको अपने साथ नीचे खींच लेते हैं।” उन्होंने आगे कहा, “भारतीय सिनेमा इतना मूर्ख क्यों है? बॉलीवुड फिल्में अपने सितारों की वजह से गूंगी हैं। सितारे इतने मूर्ख हैं कि वे हर निर्देशक और लेखक को मूर्ख बना देते हैं। वे मानते हैं कि दर्शक बहुत मूर्ख हैं। एक लेखक और निर्देशक के तौर पर मेरी फिल्म की कीमत फिल्म के स्टार के बराबर है। फिल्म कभी भी मेरी वजह से नहीं जानी जाती, फिल्म हमेशा गूंगे अभिनेता की वजह से जानी जाती है, इसलिए मैंने मानसिक रूप से बॉलीवुड से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने बताया कि बॉलीवुड दर्शकों को एक ही तरह की फिल्में पेश करता रहता है, केवल उन्हें और अधिक 'मसाला' देकर। उन्होंने कहा, “दर्शक बहुत बुद्धिमान हैं, यदि आप उन्हें बुद्धिमान सामग्री प्रदान करेंगे तो वे इसका उपभोग करेंगे। उदाहरण के लिए, एक किताबों की दुकान है, वे प्लेबॉय बेचते हैं और वे भगवद गीता भी बेचते हैं। प्लेबॉय की तुलना में गीता की बिक्री कम है, इसलिए मैं फिल्में बेचने के इस पूरे विचार से बाहर आया और मैंने खुद को पूरी तरह से नया रूप दिया।



# अल्लू संग काम करना चाहती हैं कृति



बॉलीवुड की लंबी हाइट की खूबसूरत हसीना कृति सेनन पिछले काफी समय से सुर्खियों में हैं। जहां अभिनेत्री ने कुछ दिनों पहले अपना प्रोडक्शन हाउस लॉन्च किया था, वहीं हाल ही में कृति ने सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का राष्ट्रीय पुरस्कार जीता है। ऐसे में वह इन दिनों अपनी इस जीत का जश्न मना रही हैं। एक तरफ अभिनेत्री अपने परिवार के साथ गणपति बप्पा का आशीर्वाद लेने के लिए सिद्धिविनायक मंदिर पहुंची, वहीं दूसरी ओर उन्होंने साउथ सुपरस्टार अल्लू अर्जुन के साथ काम करने की इच्छा व्यक्त की है।

कृति सेनन ने हाल ही में 2021 में रिलीज हुई 'मिमी' में अपने अभिनय के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार जीता है। वह इस जीत का पूरी तरह से आनंद ले रही हैं। फैंस के साथ-साथ इंडस्ट्री के बड़े-बड़े सेलेब्स अभिनेत्री को बधाई दे रहे हैं। इन सितारों में अल्लू अर्जुन का नाम भी शामिल है। 69वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों में बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड जीतने वाले अल्लू अर्जुन ने ट्विटर पर कृति को बधाई देते हुए लिखा, 'प्रिय कृति आपको मिमी के रूप में अद्भुत प्रदर्शन के लिए हार्दिक बधाई। बहुत योग्य। आपके लिए शुभकामनाएं।' अल्लू अर्जुन की बधाई का कृति ने जवाब दिया। अल्लू अर्जुन की इस बधाई के बाद कृति सेनन ने भी उनकी तारीफ की और उन्हें भी जीत की बधाई दी। ट्विटर पर शुभकामनाओं के दौरान, कृति ने अल्लू अर्जुन के साथ एक फिल्म में अभिनय करने की इच्छा व्यक्त की। इतना ही नहीं अभिनेत्री ने यह भी कहा कि वह 'पुष्पा 2' का इंतजार कर रही हैं। कृति ने लिखा, 'मैं आपके साथ एक फिल्म करना चाहती हूं। मेरे पसंदीदा सुकुमार के साथ आपकी पुष्पा 2 का इंतजार कर रही हूं! हमेशा प्यार और शुभकामनाएं!'



**अल्लू अर्जुन के प्रशंसक अपने पसंदीदा अभिनेता के साथ काम करने में कृति की रुचि देखकर बहुत खुश हैं। वे उम्मीद कर रहे हैं कि दोनों जल्द ही एक साथ काम करते नजर आएंगे। अब देखना यह है कि इस सपने को कौन साकार करेगा। वर्कफ्रंट की बात करें तो कृति की पाइपलाइन में कई फिल्में हैं।**

# जल्द शादी के बंधन में बंधेंगे सिंगर अरमान मलिक

अरमान मलिक बॉलीवुड के पॉपुलर सिंगर हैं। सोशल मीडिया पर सिंगर मिलियंस में फॉलोअर्स रखते हैं। अब अरमान मलिक ने अपनी पर्सनल लाइफ से जुड़ी एक बड़ी अपडेट फैंस के साथ शेयर की है। उन्होंने अपनी लॉन्ग टाइम गर्लफ्रेंड से सगाई कर ली है। अरमान मलिक अब सगाई के बंधन में बंध चुके हैं। सोमवार को उन्होंने सोशल मीडिया पर गर्लफ्रेंड संग कुछ तस्वीरें शेयर कीं और अपनी लाइफ पार्टनर को दुनिया से रूबरू करवाया। तस्वीरों में दोनों बेहद खुश नजर आए रहे हैं। अरमान मलिक पिछले कई सालों से आशना श्रॉफ को डेट कर रहे थे। अब सिंगर ने आशना को हमेशा के लिए अपना बनाने का फैसला किया और उन्हें शादी के लिए प्रपोज किया। फोटो में अरमान मलिक घुटनों के बल बैठ आशना श्रॉफ को अंगूठी पहनाते हुए दिख रहे हैं। वहीं, उनकी गर्लफ्रेंड खिलखिलाकर हंसते हुए नजर आ रही हैं। अरमान मलिक ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम पर तीन फोटो शेयर की है। पहली तस्वीर में वो आशना को रिंग पहना रह हैं। वहीं, दूसरी फोटो में उन्हें गले लगाते और तीसरी तस्वीर में उनके माथे पर किस करते हुए नजर आए। पोस्ट के साथ अरमान ने कैप्शन में लिखा, और हमारा फॉरएवर बस अभी शुरु हुआ है।





## बेटी सुहाना ने कैमरे के सामने दिया पोज...



बॉलीवुड एक्टर शाहरुख खान इन दिनों अपनी फिल्म 'जवान' को लेकर सुर्खियां बटोर रहे हैं. एक्टर की ये फिल्म 7 सितंबर को थिएटर्स में रिलीज होने वाली है. वहीं इससे पहले चेन्नई में फिल्म का एक प्री-रिलीज इवेंट भी रखा गया. इसी बीच शाहरुख ने अपनी बेटी सुहाना खान की एक तस्वीर फैंस के साथ शेयर की और उनकी काफी तारीफ भी की. अपनी लाडली सुहाना की एक बेहद प्यारी सी तस्वीर अपने इंस्टाग्राम की स्टोरी पर शेयर की है. इस तस्वीर में सुहाना सुहाना कैमरे के सामने हसीन पोज देती नजर आ रही हैं. तस्वीर में सुहाना के साथ एक बिल्ली भी दिखाई दे रही है. इस फोटो को शेयर करते हुए ने सुहाना की काफी तारीफ की है. सुहाना इस तस्वीर में स्माइल करती हुई पोज दे रही हैं. उन्होंने ब्लैक ऑफ शोल्डर टीशर्ट पहनी है और बालों में बन बनाया हुआ है.

मालिक , मुद्रक,प्रकाशक ,संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिंटिंग प्रेस , गाला नं 3 - 4 ,अमीन इंडस्ट्रियल इस्टेट ,सोनावला क्रॉस रोड नं 12 ,गोरगांव ( पूर्व ),मुंबई 63 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। संपर्क कार्यालय : 1 -ए, ग्राउंड फ्लोर साहिल मेंशन, बालमिया लेन, माहिम वेस्ट मुंबई 400016 मोबाइल नं 9987 77 5650 व्हाट्सप्प नं 7977 40 8589 : Email -editor@rokthoklekhaninews.com